कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, 6वॉं तल उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2019/2729 लखनऊ:दिनांक 06 सितम्बर, 2019

यू0पी0 नीट यू0जी0–2019 के अन्तर्गत द्वितीय मॉप–अप राउन्ड हेतु समय–सारिणी

निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों के स्नातक पाठ्यकम (बी0डी0एस0) में प्रवेश हेतु द्वितीय मॉप–अप राउन्ड की समय सारिणी निम्नवत् है:–

कार्यक्रम	समय सारणी
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होने की तिथि	दिनांक 06 सितम्बर 2019 अपरान्ह 4:00 बजे से 11 सितम्बर 2019 पूर्वान्ह 11:00 बजे तक
मेरिट लिस्ट जारी किये जाने की तिथि	दिनांक 11 सितम्बर 2019
डेंटल कालेज की सीटो पर आवटन की तिथि	दिनाक 12/13 सितम्बर 2019 पूर्वान्ह 11:00 बजे से
प्रवेश की तिथि	आवंटन की तिथि को ही प्रवेश प्रकिया सम्पन्न होगी। On Spot Admission

- द्वितीय मॉप–अप राउन्ड का आयोजन **के0जी0एम0यू0 लखनऊ के कलाम सेंटर** में किया जायेगा।
- द्वितीय मॉप–अप राउन्ड में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी रू0 1000/– पंजीकरण शुल्क ऑन–लाइन प्रकिया से नेट बैंकिग/डेबिड कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से जमा करते हुये यू0पी0 नीट काउसिलिंग की वेब–साईट https://upneet.gov.in पर पंजीकरण करा सकते है।
- निजी क्षेत्र की बी0डी0एस0 पाठ्यकम की सीटों हेतु रू0 1,00,000/– (रू0 एक लाख मात्र) की सिक्योरिटी धनराशि का **सी0टी0एस0 बैंक ड्राफ्ट** जो **महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow** के पक्ष मे देय हो, आवंटन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सिक्योरिटी धनराशि किसी भी दशा में नगद (Cash) नही जमा की जायेगी।
- ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सिक्योरिटी धनराशि पूर्व मे नोडल सेन्टर पर जमा है, ऐसे अभ्यर्थी नोडल सेन्टर से अपनी सिक्योरिटी धनराशि का बैक ड्राफ्ट प्राप्त कर बी0डी0एस0 पाठ्यकम की द्वितीय माप–अप राउन्ड में प्रतिभाग कर सकते है।
- आवंटन के पश्चात् अभ्यर्थी के मूल प्रमाण–पत्र जमा कराते हुये On Spot प्रवेश प्रकिया पूर्ण की जायेगी, अन्यथा की स्थिति मे आवंटन निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं अभ्यर्थी का होगा।
- मॉप–अप राउन्ड के समय अभ्यर्थी को समस्त प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रपत्र मूलरूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में आवंटन के संबंध में विचार नही किया जायेगा।
- निजी क्षेत्र के डेंटल कालेज हेतु आवंटित अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय ही सम्बन्धित डेंटल कालेज का शिक्षण शुल्क संबंधित कालेज के काउन्टर पर ऑन–स्पाट जमा की जायेगी।
- निजी क्षेत्र के डेंटल हेतु आवंटित अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय ही सम्बन्धित डेंटल कालेज का शिक्षण शुल्क का बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow के पक्ष में देय हो, निजी क्षेत्र के डेंटल कालेज हेतु रू0 1.37 लाख न्यूनतम का बैंक ड्राफ्ट प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
- अभ्यर्थी द्वारा निजी क्षेत्र के डेंटल कालेजो की निर्धारित शिक्षण शुल्क के अन्तर की धनराशि आवंटित/प्रवेशित डेंटल कालेज के काउन्टर पर ऑन–स्पाट जमा कर प्रवेश प्रकिया पूर्ण की जायेगी।
- द्वितीय मॉप–अप राउन्ड की कार्यवाही सीटें उपलब्ध होने तक ही की जायेगी, तथा पुनरावंटन (Reshuffling) अनुमन्य नही होगी।
- यदि द्वितीय मॉप–अप राउन्ड के सम्पन्न होने के पश्चात् निजी क्षेत्र के डेंटल कालेज/विश्वविद्यालय की सीटें रिक्त रह जाती है तो ऐसी सीटों पर प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों से ऑन–लाईन पंजीकरण के समय ही विकल्प (Choice) प्रस्तुत करना होगा, अभ्यर्थी द्वारा भरा जाने वाला विकल्प की सूची संबंधित डेंटल कालेज को प्रेषित की जायेगी, जिस आधार पर कालेज प्रवेश ले पायेगें।
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट https://upneet.gov.in & www.updgme.in पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक